# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 12.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)
## मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में महिला आरक्षण सुनिश्चित करने का किया आह्वान, कहा – इसे लागू करने का आया समय।**
2. **राज्य सरकार की नई पहल– 270 शिल्पियों को मिलेगा रोजगार, कुटीर उद्योगों को प्रदान की जाएगी आधुनिक तकनीक।**
3. **स्वास्थ्य मंत्री की घोषणा – 42 हजार सहिया बहनों को जल्द मिलेगा टैब, सभी जिलों में अब सिकल सेल और थैलेसीमिया की होगी स्क्रीनिंग।**
4. **देवघर में राजकीय श्रावणी मेले को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आयोजित करने की तैयारियां तेज, आयुक्त ने सुविधाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश।**
5. **रांची के जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में आज अपराह्न चार बजे से खेला जाएगा राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चौंपियनशिप का फाइनल मैच।**

*********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ हों। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे महिला आरक्षण कानून के मुद्दे पर सहमति व्यक्त करें। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

*********************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा है कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि महिलाओं के सम्मान, अधिकार और आत्मनिर्भरता को नई ऊंचाई देने का संकल्प है। आज रांची के सिमलिया में आयोजित चौपाल में महिलाओं के एक समूह को सम्बोधित करते हुए श्री सेठ ने सभी नागरिकों से एक ऐसे भारत के निर्माण का संकल्प लेने की अपील की जहां महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा सके।

*********************

केंद्र सरकार ने कहा है कि उर्वरक संयंत्रों को आवंटित कुल गैस की मात्रा में पांच प्रतिशत की वृद्धि की जा रही है। इससे यह छह महीने की औसत खपत के लगभग 95 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि मार्च से अब तक लगभग चार लाख 15 हजार पीएनजी कनेक्शन प्रदान किए गए हैं, जबकि लगभग चार लाख 55 हजार अतिरिक्त ग्राहकों ने नए कनेक्शनों के लिए पंजीकरण कराया है।

*********************

केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने कहा है कि फिट इंडिया सारे देश में एक मुहिम जैसा बन चुका है। आज नयी दिल्ली में आयोजित **संडे ऑन साइकिल** के 69वें संस्करण को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह विकसित भारत की जरूरत है।

*********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने युवाओं से रक्तदान अभियान में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। मंत्री ने यह अपील हजारीबाग यूथ विंग की ओर से कल एक सिनेमा हॉल सभागार में आयोजित रक्तदान शिविर को लेकर की है।

*********************

राज्य सरकार नए वित्तीय वर्ष में पारंपरिक हस्तशिल्प और खादी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए बड़े कदम उठाने जा रही है। योजना के तहत दो सौ सत्तर हस्तशिल्पियों को प्रशिक्षित कर उन्हें सीधे रोजगार से जोड़ा जाएगा। राज्य के विभिन्न हिस्सों में पंद्रह नई लघु उत्पादन इकाइयां भी स्थापित की जाएंगी। हस्तशिल्पियों को आधुनिक तकनीक सिखाने के लिए रांची में विशेष फैकल्टी की नियुक्ति और केंद्रों का आधुनिकीकरण होगा। साथ ही, लगभग ढाई हजार उद्यमियों को कौशल विकास से जोड़कर उन्हें जरूरी उपकरण और

अनुदान भी दिया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य टेराकोटा, ढोकरा कला और बांस शिल्प जैसे पारंपरिक उद्योगों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिलाना है।

*********************

आसनसोल रेल मंडल के विभिन्न खंडों में आज जरूरी रखरखाव कार्य के लिए तीन से चार घंटे का ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसके कारण जसीडीह, दुमका, बांका और झाझा रूट की 18 पैसेंजर ट्रेनें आज रद्द रहेंगी। कुछ प्रमुख ट्रेनों जैसे धनबाद–पटना एक्सप्रेस और हावड़ा–सिउड़ी एक्सप्रेस के समय में भी बदलाव किया गया है।

*********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राज्य की 42 हजार सहिया बहनों को जल्द ही टैब उपलब्ध कराने की घोषणा की है, जिससे मातृत्व सुरक्षा से जुड़े कार्यों को डिजिटल बनाया जा सके। **राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस** के अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का मुख्य लक्ष्य प्रसव के दौरान मातृ मृत्यु दर को शून्य पर लाना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों में अब सिकल सेल और थैलेसीमिया की भी स्क्रीनिंग की जाएगी, ताकि मरीजों का सही आंकड़ा मिल सके।

*********************

दुमका जिले में कुपोषण मिटाने और बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए **पोषण पखवाड़ा** के तहत व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट–

*********************

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना राज्य के युवाओं के लिए स्वावलंबन का नया आधार बन रही है। गिरिडीह जिले के गांडेय निवासी मिथिलेश पंडित ने इस योजना के तहत पांच लाख रुपये का ऋण लेकर अगरबत्ती निर्माण का व्यवसाय शुरू किया है। आज उनका यह उत्पाद राज्य के कई जिलों में अपनी पहचान बना चुका है। मिथिलेश ने बताया कि उन्होंने अपने गांव की आधा दर्जन महिलाओं को रोजगार भी उपलब्ध कराया है।

*********************

बोकारो जिले के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने एक लड़की के अपहरण और हत्या मामले में पिंड्राजोरा थाने के प्रभारी समेत सभी 28 अधिकारियों और कर्मियों को निलंबित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस मामले में पुलिसकर्मियों की स्पष्ट लापरवाही सामने आई है। इधर, झारखंड पुलिस एसोसिएशन ने इस कार्रवाई को पक्षपातपूर्ण बताया है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 40 हजार 5 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 53 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

देवघर में राजकीय श्रावणी मेले को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आयोजित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। संथाल परगना के आयुक्त और जिला प्रशासन की टीम ने कांवड़िया पथ और मेला क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण कर सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं के लिए जल की उपलब्धता, स्वास्थ्य केंद्र और भीड़ प्रबंधन के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं।

*********************

राष्ट्रीय सब जूनियर महिला हॉकी चैंपियनशिप का फाइनल मैच आज रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अपराह्न चार बजे से खेला जाएगा। इसके बाद पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन होगा।

******************